प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

डिजिटल साक्षरता द्वारा महिला आत्मनिर्भरता

पंतनगर। 12 सितम्बर 2022। विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय में पांच–दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह आयोजित किया गया, जिसका विषय डिजिटल साक्षरता द्वारा महिला सशक्तिकरण: जागरूकता एवं कौशल विकास था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कुलसचिव, डा. ए.के. शुक्ला उपस्थित थे। उन्होंने डिजिटल साक्षरता की महत्ता पर बल देते हुए कहा कि प्रत्येक वर्ग बच्चों, युवा, बुजुर्ग सभी के लिए मोबाइल एवं कम्प्यूटर का ज्ञान अति आवश्यक है क्योंकि आगे आने वाला युग कम्प्यूटर युग है। उन्होंने कार्यक्रम में आये प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण में सीखे गये ज्ञान एवं कौशल की नियमित प्रैक्टिस करने हेतु प्रोत्साहित किया। अधिष्ठात्री गृहविज्ञान, डा. अल्का गोयल ने बताया कि इस कार्यक्रम के द्वारा अनुसूचित जाति की महिलाओं एवं बालिकाओं को कम्प्यूटर एवं स्मार्ट फोन के उपयोग की जानकारी एवं विभिन्न एप्स का उपयोग कर शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, ऑनलाइन कार्य जैसे मनी ट्रांसफर, टिकट बुक करना, फॉर्म भरना, शैक्षणिक ज्ञान अर्जित करना सिखाया गया ताकि वह आत्मनिर्भर बन सकें।

कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों ने बताया कि उन्होंने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में गूगल द्वारा विभिन्न प्रकार की जानकारियां हासिल करना, विभिन्न मोबाइल एप्स जैसे ऑनलाइन मनी ट्रांसफर करना, मोबाइल रिचार्ज करना, रेलवे टिकट बुक करना आदि सीखा। इसके साथ ही रक्षा महिला एप, महिलाओं हेतु वन–स्टॉप सोल्यूशन आदि का उपयोग करना सीखा, जिससे वह अपनी सुरक्षा कर सकती हैं। समापन समारोह में सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण–पत्र वितरित किये गये।

कार्यक्रम का संचालन डा. अनुपमा पाण्डे एवं डा. रागिनी मिश्रा ने किया एवं डा. पूजा टम्टा ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

समापन समारोह में प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण–पत्र वितरित करते कुलसचिव, डा. ए.के. शुक्ला।